हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, बुधवार, 3 जनवरी 2024



11 रस्साकशी स्पर्धा में अंजु की टीम रही विजेता



12 पदक विजेता खिलाड़ियों का अभिनंदन




## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार व जिंदा कारतूस सहित तीन काबू

**झज्जर।** पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियारों सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए प्रभारी सोमबीर ने बताया कि संदेह के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को पकड़ा गया। तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से एक देशी बंदूक बरामद हुई। आरोपी की पूछताछ में पहचान सोमबीर उर्फ लाला निवासी जमावड़ी हाल छुछकवास जिला झज्जर के तौर पर की गई। वहीं एक अन्य टीम ने बेरी क्षेत्र से ही एक देशी पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस सहित एक आरोपी कृष्ण उर्फ श्रीनिवासी गोच्छी निवासी जिला झज्जर को पकड़ा गया। इसके अलावा सीआईए की एक अन्य टीम ने एक देशी पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस सहित मोहन उर्फ सुंडा निवासी गोच्छी जिला झज्जर को पकड़ा गया।

### गेस्ट टीचरों पर लाठीचार्ज की निंदा

**बहादुरगढ़।** आम आदमी पार्टी यूथ विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन जून ने यमुनानगर में गेस्ट टीचर्स पर पुलिस के लाठीचार्ज के मुद्दे पर हरियाणा सरकार के तानाशाही पूर्ण रवैए की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि लाठीचार्ज के कारण कई अध्यापकों को गहरी चोटें भी आई हैं। इससे पहले भी हरियाणा सरकार ने किसानों और कंप्यूटर शिक्षकों पर लाठियां बरसवाई थी।

### पीएम विश्वकर्मा योजना कारीगरों के लिए लाभकारी

**झज्जर।** डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना का मुख्य फोकस कारीगरों और शिल्पकारों के उत्पादों और सेवाओं की पहुंच के साथ-साथ गुणवत्ता में सुधार करना और यह सुनिश्चित करना है कि वे घरेलू और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के साथ एकीकृत हों। यह योजना ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता प्रदान करेगी। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत सरकार की ओर से तीन लाख रुपये तक बिना गारंटी ऋण,15 हजार रुपये के टूलकिट, स्किल अपग्रेडेशन के लिए स्किल ट्रेनिंग के साथ पांच सौ रुपये प्रतिदिन स्टाइपेंड और विज्ञापन जैसी मार्केटिंग सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

# स्टूडेंट्स का तनाव कम करेगी सीबीएसई की हेल्पलाइन

## बोर्ड परीक्षाओं को लेकर छात्रों और अभिभावकों के लिए निःशुल्क मनोवैज्ञानिक परामर्श सुविधा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा देशभर में 15 फरवरी से 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं शुरु होने जा रही है। हालांकि प्रेक्टिकल शुरू हो चुके हैं। स्टूडेंट्स के पास तैयारियों के लिए ज्यादा वक्त नहीं है। चूंकि अक्सर परीक्षा को लेकर विद्यार्थी अतिरिक्त दबाव में आ जाते हैं और तनाव लेते हैं। उनकी तैयारियों पर भी इसका विपरीत असर पड़ता है। इसे समझते हुए सीबीएसई ने एक जनवरी से विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए मनोवैज्ञानिक परामर्श की सुविधा शुरू कर दी है।

नए साल की शुरुआत होते ही सीबीएसई की प्री-बोर्ड परीक्षाएं और प्रयोगात्मक परीक्षाएं भी शुरू हो चुकी हैं। इसी बीच परीक्षाओं को लेकर कई विद्यार्थियों को तनाव होने लगा है। विद्यार्थियों की नींद उड़ गई है, चिड़चिड़ापन और गुस्सा बढ़ गया है, भूख खत्म हो रही है। इसका संज्ञान लेते हुए बोर्ड ने एक जनवरी से हेल्पलाइन नंबर 1800-11-8004 जारी कर दिया है। विद्यार्थी तनाव दूर करने के लिए इस हेल्पलाइन नंबर पर फोन करके मनोवैज्ञानिक से परामर्श ले सकेंगे। अभिभावक भी इस नंबर पर बात कर सकते हैं। विषयवार विशेषज्ञों के पैनल बन चुके हैं। सीबीएसई से संबद्ध सरकारी और निजी स्कूलों के कुल 65 प्रधानाचार्य, प्रशिक्षित परामर्शदाता, विशेष शिक्षक और मनोवैज्ञानिक हेल्पलाइन पर परीक्षा संबंधी सवालों के जवाब देंगे। विद्यार्थियों को हेल्पलाइन की सहायता से परीक्षाओं की तैयारी, समय प्रबंधन और तनाव मुक्त होने की जानकारी मिल सकेगी। हेल्पलाइन पर यह सुविधा सोमवार से शनिवार के बीच सुबह साढ़े 9 बजे से लेकर शाम साढ़े 5 बजे तक मिल सकेगी। इसके अलावा सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर पॉडकास्ट भी सुना जा सकता है।

### काउंसलिंग एक से शुरू

जीडी गोयनका स्कूल की निदेशिका शैलजा जून के अनुसार विद्यार्थियों में मानसिक तनाव, घबराहट और अवसाद को दूर करने के लिए सीबीएसई ने एक जनवरी से काउंसलिंग शुरू की है। इसके लिए विभिन्न स्कूल के विषय विशेषज्ञों, प्राचार्यों और मनोविज्ञानियों का पैनल बनाया गया है। विद्यार्थी इनसे टोल-फ्री अथवा सीबीएसई के फोन नम्बर व ई-मेल पर संपर्क कर सकेंगे।



### परीक्षा 15 फरवरी से

विजया स्कूल की प्रिंसिपल रुपाक्षी नारंग के अनुसार सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी से प्रारंभ होंगी। परीक्षा से पहले एवं परीक्षा के दौरान कई विद्यार्थी तनावग्रस्त रहते हैं। परीक्षा को लेकर घबराहट, भूख कम लगना, विभिन्न विषयों को लेकर तकनीकी समस्याएं, अंकों का दबाव जैसे कारण शामिल होते हैं। विशेषज्ञों की सेवाओं से बोर्ड विद्यार्थियों की मदद करेगा।



### हेल्पलाइन से परामर्श लें

पीडीएम पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल सुमन हुड्डा भी मानती हैं कि परीक्षा से पहले कई बच्चे तनाव में आ जाते हैं। विद्यालय स्तर पर उनकी काउंसलिंग की जाती है। लेकिन फिर भी बच्चों या अभिभावकों को लगता है कि तनाव हो रहा है, तो वह बोर्ड द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर पर बात कर परामर्श ले सकते हैं। इससे उन्हें तनाव रहित परीक्षा देने में काफी मदद मिलेगी।



### प्रेशर कम करने का प्रयास

सीबीएसई द्वारा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए घोषित मार्किंग स्कीम के अनुसार थ्योरी, प्रेक्टिकल, प्रोजेक्ट और इंटरनल असेसमेंट के मार्क्स को 100 अंकों में बांटा जाएगा। इस बार स्टूडेंट्स को डिविजन या डिस्टिंक्शन नहीं दी जाएगी। सीबीएसई बोर्ड रिजल्ट-2024 से कोई मेरिट लिस्ट जारी नहीं करेगा। इससे स्टूडेंट्स का एग्जाम स्ट्रेस और उन पर पड़ने वाला प्रेशर भी कम होने की उम्मीद है।

# पेट्रोल पंपों पर एक से दो दिन का पेट्रोल बचा शेष





हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

हिट एंड रन मामलों में बनाए गए कानून के विरोध में ट्रक ऑपरेटरों की हड़ताल मंगलवार को भी जारी रही। स्थिति यह रही कि अधिकांश ट्रकों के पहिए जाम रहे। वहीं पेट्रोल पंपों पर दिनभर पेट्रोल, डीजल भरवाने वाले चालकों की संख्या अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक रही और देर रात तक भी वाहन चालक अपने वाहनों में पेट्रोल डलवाते हुए दिखाई दिए। विभिन्न पेट्रोल पंपों पर कार्यरत सेल्समैनों का कहना है कि अगर ग्राहकों की संख्या में ऐसी ही बढ़ोतरी रही तो आगामी एक से डेढ़ दिन में ही जिले के तमाम पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल व डीजल समाप्त हो जाएगा। उधर, निजी बस संचालकों ने हड़ताल में कोई रूचि नहीं दिखाई। अधिकांश निजी बसें विभिन्न रूटों पर सरपट दौड़ती हुई दिखाई दी।

- देर सांय तक पेट्रोल पंपों पर तेल भरवाते दिखाई दिए वाहन चालक



**झज्जर।** हड़ताल के कारण खड़े ट्रक,बस स्टैंड परिसर में बूथ पर लगी रोडवेज व निजी बसें, देर सांय गाड़ी में पेट्रोल डलवाते हुए चालक।

### हड़ताल लंबी चली तो होगी परेशानी

सब्जी मंडी एसोसिएशन के पूर्व प्रधान सुनील राव का कहना है कि फिलवक्त हड़ताल का असर सब्जी मंडी पर नहीं है। क्योंकि बड़े ट्रांसपोर्टर एमपी और महाराष्ट्र से ही है। अभी वहां से ज्यादा माल नहीं आ रहा है। अगर हड़ताल लंबी चलती है तो इसका असर दिखाई देगा। फिलवक्त प्यास, टमाटर, आलू का स्टॉक पर्याप्त है और हरी सब्जियां भी अपने आसपास क्षेत्र से ही उपलब्ध हो रही है।

# नए कानून के विरोध में पाहसोर में जाम तो बहादुरगढ़ में नारेबाजी

## बहादुरगढ़ में हुई ट्रांसपोर्टरों की बैठक, नए कानून का विरोध जताया, परिवहन मंत्री के नाम ज्ञापन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

हिट एंड रन के नए कानून का देशभर में लगातार विरोध हो रहा है। बहादुरगढ़ इलाके में भी मंगलवार को इसका असर देखने को मिला। यहां गांव पाहसोर में इंडोस्पेस कंपनी के सामने झज्जर-बादली मार्ग पर ट्रक ऑपरेटरों द्वारा जाम लगा दिया गया। ट्रक ऑपरेटरों ने नए कानून का विरोध जताते हुए इसे वापस लेने की मांग की। पुलिस अधिकारियों के आश्वासन पर जाम खोला गया। वहीं, बहादुरगढ़ में भी कई यूनियनों के ट्रांसपोर्टरों ने इकट्ठे होकर नए कानून के विरोध में नारेबाजी की। ट्रांसपोर्टरों ने कहा कि प्रोफेशनल ट्रक चालकों की तुलना अभिनेता सलमान खान से न की जाए। इसके बाद एसडीएम राहुल मोदी को परिवहन मंत्री के नाम मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

- नए कानून में ड्राइवरों की सुरक्षा का कोई प्रावधान ही नहीं

परनाला रोड स्थित दी बहादुरगढ़ पब्लिक कैरियर यूनियन में मंगलवार की सुबह शिव टर्बो ट्रक यूनियन, सर छोटूराम वेलफेयर, स्वराज माजदा कैंटर यूनियन, श्रीश्याम पिकअप यूनियन, महावीर टैंपो तथा बाबा हरिदास कंटेनर वेलफेयर सहित अन्य यूनियनों के पदाधिकारी व ट्रांसपोर्टर जुटे। ट्रांसपोर्टरों ने कहा कि हाइवे पर अधिकांश दुर्घटनाओं में बड़े वाहनों का दोष नहीं होता लेकिन फिर भी जिम्मेदार मान लिए जाते हैं। ऐसी स्थिति में माल वाहक चालक अपनी जान बचाने के लिए खिसकता है। नए कानून में ड्राइवरों की सुरक्षा का कोई प्रावधान ही नहीं है। शिव टर्बो ट्रक यूनियन से प्रधान हरबीर जून ने कहा कि देश के विकास में ट्रक ड्राइवरों का अहम योगदान है। यदि ड्राइवर हड़ताल करते हैं तो देश ठप हो जाएगा और इसका असर आमजन पर पड़ेगा। नए-नए कानूनों-टैक्स के चलते ट्रांसपोर्टर व्यवसाय लगातार चौपट होता जा रहा है। ऐसे में ये हिट एंड रन वाला नया कानून तो पूरी तरह से कमर तोड़कर रख देगा। राजकुमार कौशिक ने कहा कि हमारे ट्रक ड्राइवर अनुभवी और जिम्मेदार होते हैं। कानून बनाते वक्त मालवाहक और पर्सनल ड्राइवर में फर्क समझना होगा। यदि कोई नोसिखिया गाड़ी चालक किसी वाहन में टक्कर मारता है तो जांच अधिकारी मालवाहक के चालक को चार्जशीट करेगा। ऐसे में इस कानून के दुरुपयोग की आशंका है। एक ट्रक चालक की पूरी जिंदगी की आमदनी आठ से दस लाख तक नहीं हो पाती। वह कैसे इस जुर्माने को भुगतेगा। हम कोई छूट नहीं मांग रहे लेकिन सरकार इस विषय पर गंभीरता से विचार करे। अनुभवी चालकों की किसी कलाकार से तुलना न करें। क्योंकि पूंजीपति व्यक्ति मौजमस्ती के लिए वाहन लेकर निकल सकता है लेकिन ट्रक ड्राइवर देश के विकास और अपने परिवार को चलाने के लिए सड़क पर उतरता है। बता दें कि बहादुरगढ़ में 17 यूनियन हैं। इनमें ट्रक, कंटेनर, कैंटर आदि लगभग दस हजार मालवाहक वाहन हैं। फिलहाल ट्रांसपोर्टरों ने हड़ताल से इंकार किया है और दस तारीख तक इंतजार करने का निर्णय लिया है। यदि यहां के ट्रांसपोर्टर हड़ताल पर जाते हैं तो काफी नुकसान हो सकता है।








**बहादुरगढ़।** नए कानून के विरोध में नारेबाजी करते ट्रांसपोर्टर, ट्रक ऑपरेटर्स, एसडीएम राहुल मोदी को ज्ञापन देते यूनियनों के पदाधिकारी, पाहसोर गांव में ट्रक ऑपरेटरों द्वारा लगाया गया जाम। फोटो : हरिभूमि

# ऑनलाइन जॉब के नाम पर 26 लाख की ठगी

## साइबर थाना झज्जर की टीम ने केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एक नामी ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी में घर बैठे नौकरी देने के नाम पर शातिरों ने बहादुरगढ़ के निवासी व्यक्ति को 26 लाख रुपये की चपत लगा दी। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दे दी है। साइबर थाना झज्जर की टीम ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। मामले में जांच की जा रही है। वारदात काठमंडी के निवासी अनिल के साथ हुई है। अनिल की मानें तो गत 25 दिसंबर को उसके टेलीग्राम पर पार्ट टाइम जॉब का लिंक आया। उसने लिंक पर क्लिक किया तो रजिस्ट्रेशन के लिए एक आईडी दी गई। इसके बाद एक टेलीग्राम गुरप में जोड़ा गया, जिसका ऑनर जिन्सन जॉर्ज तो एडमिन अभिषेक और डैलविन थे। अभिषेक नाम के शख्स ने उसको कॉल कर काम के बारे में समझाया। होटल बुकिंग का काम दिया। शुरु में दस हजार रुपये इन्वेस्ट करने के लिए कहा। ये रुपये जमा कराए तो कुछ समय बाद 21601 का प्रोफिट मिला। इस तरह से वह रुपये जमा कराता रहा और प्रोफिट बढ़कर आता रहा। जब उसका विश्वास जम गया तो शातिरों ने रंग दिखाते हुए उससे मोटी पेमेंट मंगवानी शुरू कर दी और मामला लाखों रुपये तक जा पहुंचा। इसी बीच अकाउंट माइनस में बताते हुए उससे कहा कि आपको डिलक्स पैकेज मिला है। इसके लिए आपको पौने छह लाख रुपये जमा कराने होंगे, जिसके बाद सारी पेमेंट मिल जाएगी। ये रकम भी जमा करा दी लेकिन वापस रुपये नहीं मिले। इस तरह से 30 दिसंबर तक 26 लाख रुपये उसकी तरफ से जा चुके थे। फिर दोबार अकाउंट माइनस में कर दिया गया। कारण पूछे जाने पर शातिरों ने कहा कि आपको 12 लाख 93 हजार रुपये और जमा कराने होंगे। अब वह इस खेल को समझ गया लेकिन देर हो चुकी थी। उधर, साइबर पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### चोरीशुदा बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की एवीटी सैल ने चोरीशुदा बाइक सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ बादली थाने में केस दर्ज किया गया है। उससे मामले में पूछताछ चल रही है। दरअसल, पुलिस को सूचना मिली कि बादली के निवासी एक युवक के पास चोरीशुदा बाइक है। वह उस बाइक को बेचने की मंशा से गुरुग्राम की ओर जाएगा। इस सूचना पर टीम ने बादली में गुरुग्राम चौक पर नाका लगा दिया। जांच के दौरान एक बिना नंबर की बाइक रुकवाई गई। चालक की पहचान प्रवीण निवासी बादली के रूप में हुई। वह बाइक के दस्तावेज पेश नहीं कर सका। जांच के दौरान बाइक दिल्ली से चोरी हुई मिली।

# मिस्टर इंडिया बने विकास का किया स्वागत

## मिस्टर इंडिया बॉडी बिल्डिंग एंड फिटनेस चैंपियनशिप प्रतियोगिता में पाया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के सेक्टर 6 में रहने वाले विकास कौशिक ने वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग फिटनेस एसोसिएशन द्वारा आयोजित मिस्टर इंडिया बॉडी बिल्डिंग एंड फिटनेस चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त कर मिस्टर इंडिया का खिताब हासिल किया है। यह प्रतियोगिता दिल्ली के जहांगीरपुरी में आयोजित हुई थी। मूल रूप से ईस्माइला निवासी विकास ने प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल कर हरियाणा का नाम रोशन किया। मंगलवार को सतीश नंबरदार के कार्यालय में विकास का अभिनंदन किया गया। इसमें एडवोकेट गौरव राठी, विक्की राठी, चेयरपर्सन पति रमेश राठी, पार्षद पति योगेश धनखड़, पवन रोहिल्ला, तेजपाल राठी, बलबीर राठी, एडवोकेट प्रवीण छिल्लर और हिमांशु तोमर आदि ने विकास का स्वागत-सम्मान किया। इस अवसर पर पवन छिल्लर, राहुल सैनी, अमित राठी, धर्मेंद्र खत्री, मनमोहित गुप्ता, नितिन, योगेश व पंकज आदि मौजूद रहे।

- प्रतियोगिता दिल्ली के जहांगीरपुरी में आयोजित हुई थी



**बहादुरगढ़।** विकास कौशिक का स्वागत करते गौरव राठी व अन्य।

## गृहकार्य में दिया गया आसपास उगे हुए फूलों की पहचान करने व पारिवारिक सदस्यों के मोबाइल नंबर याद रखने जैसा कार्य

# शीतकालीन अवकाश के दौरान अनुभव आधारित गृहकार्य करेंगे नौनिहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों को रटने की अपेक्षा अनुभव आधारित गृहकार्य प्रदान किया है। शीतकालीन अवकाश के दौरान नन्हें विद्यार्थी इसी आधार पर गृहकार्य करेंगे। जिला एफएलएन समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने बताया कि नई शिक्षा निति अनुभव आधारित शिक्षा को महत्त्व देती है। विद्यार्थियों को प्रदान किए गए गृहकार्य को पूरा कराने में अभिभावकों का सहयोग आवश्यक है। इसमें दादा, दादी या नाना, नानी मेंटर की भूमिका में रहेंगे तथा अपने अनुभव के आधार पर विद्यार्थियों को संस्कार, दक्षता, कौशल तथा व्यवहार कुशलता की शिक्षा प्रदान करेंगे। गृहकार्य के लिए करने वाली गतिविधियों में विद्यार्थी को पढ़ने-लिखने, गणना करना, अनुमान लगाना, आंकलन करना, विश्लेषण करना आदि सिखाया जाएगा। मौसम के अनुसार आधारित कुल 42 गतिविधियों में से कम से कम 10 गतिविधियां प्रत्येक विद्यार्थी के लिए अनिवार्य रहेंगी। जनवरी माह के तीसरे सप्ताह में पीटीएम का आयोजन करते हुए इन गतिविधियों के मूल्यांकन पर भी चर्चा की जाएगी। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज ने कहा कि शिक्षा विभाग की इस अनूठी पहल में सभी अध्यापक अपना पूर्ण योगदान दें तथा छुट्टियों के दौरान विद्यार्थियों के संपर्क में रहकर गृहकार्य के दौरान करने वाली गतिविधियों में उनका मार्गदर्शन करें।।



**झज्जर।** राजकीय स्कूल में विद्यार्थी के पठन कौशल का मूल्यांकन करते हुए बीआरपी चेतना जाठौल। फाईल फोटो।

### ये हैं मुख्य गतिविधियां

गृहकार्य की गतिविधियों में मुख्य रूप से चारों ओर उगे हुए फूलों को पहचाना, उनकी वृद्धि आदि का मापन करना, बाजार में उपलब्ध सब्जियों के नाम लिखना, मूंगफली से दाने निकलना व उनकी गणना करना, प्रतिदिन का न्यूनतम और अधिकतम तापमान लिखना, परिवार के सदस्यों के जूते के नंबर पता करना व उन्हें लिखना, रसोई घर में प्रतिदिन परिवार के सदस्यों के मदद करना, उपलब्ध सभी मसालों व खाद्य पदार्थों को पहचानकर उनके नाम लिखना, परिवार के सदस्यों के मोबाइल नंबर याद करना, घर के कमरे एवं आंगन की लंबाई एवं चौड़ाई को मापना, गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में दो देशभक्ति गीत याद करना, कैलेंडर देखकर रविवार और छुट्टियों आदि की गणना करना आदि शामिल हैं।

# ग्रेप-थ्री की पाबंदियां हटने से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता में आंशिक सुधार होते ही सीएक्यूएम की उप समिति ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) के तीसरे चरण की पाबंदियों को वापस ले लिया है। इसके साथ ही अब दिल्ली-एनसीआर में निजी निर्माण कार्यों पर लगी पाबंदी हट गई है। इसके अलावा बीएस-3 पेट्रोल एवं बीएस-4 डीजल चालित चार पहिया वाहन भी दिल्ली में आने-जाने लगे हैं। हवा में सुधार को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने सोमवार को दिल्ली-एनसीआर से ग्रेप-तीन की पाबंदियों को हटा दिया है। हालांकि ग्रेप-वन और ग्रेप-टू के तहत लागू प्रतिबंध जारी रहेंगे। सोमवार को सीएक्यूएम की उप समिति की बैठक में प्रदूषण स्तर की समीक्षा की गई। प्रदूषण स्तर में सुधार का संज्ञान लेते हुए ग्रेप-थ्री की पाबंदियां वापस लेने का फैसला लिया गया। विदित है कि 22 दिसंबर को ग्रेप के तीसरे चरण की पाबंदियां लगाई गई थी। इसके तहत निजी निर्माण और ध्वस्तीकरण पर पाबंदी लगी थी। जिसके चलते अनेक निर्माण कार्य अधूरे पड़े थे। इसके तहत बीएस-3 वाले पेट्रोल और बीएस-4 वाले डीजल चार पहिया वाहनों पर प्रतिबंध लगा हुआ था। यह पाबंदी दिल्ली के साथ एनसीआर में लगी हुई थी। ये पाबंदियां हटने के साथ ही मंगलवार को इन वाहनों का संचालन भी सुचारू रूप से हुआ। बीएस-3 पेट्रोल एवं बीएस-4 डीजल चालित चार पहिया वाहन भी दिल्ली जाते हुए दिखे। निजी निर्माण कार्य भी शुरू हो गए।

- ग्रेप-वन और ग्रेप-टू के तहत लागू प्रतिबंध जारी रहेंगे



बहादुरगढ़। मंगलवार को टीकरी बॉर्डर से दिल्ली की ओर जाते वाहन।

## खबर संक्षेप

### पानीपत में भगवा यात्रा में उत्पात की चेष्टा

**पानीपत।** पानीपत के गांव सनौली में नव वर्ष व अयोध्या स्थापना के उपलक्ष में भगवा यात्रा निकाली गई। इस दौरान क्षेत्र के एक समुदाय विशेष का धार्मिक स्थल भी आया। जहां युवकों ने डीजे, टैक्टरों के स्पीकरों पर ऊंची आवाज में धार्मिक गाने बजाए। इतना ही नहीं यहां भगवे रंग के धार्मिक झंडे को भी लगातार फहराया गया। जिसकी स्थानीय लोगों ने वीडियो भी बना ली।

### पांच को वीआईपी नम्बरों की होगी खुली बोली

**करनाल।** एसडीएम करनाल अनुभव मेहता ने बताया कि करनाल अथॉरिटी में बी.के. सीरीज समाप्त हो चुकी है। आगामी 5 जनवरी 2024 को बीएल की सीरीज प्रारम्भ की जा रही है। उन्होंने बताया कि वीआईपी नम्बरों की खुली बोली 5 जनवरी को की जाएगी। जो भी व्यक्ति वीआईपी या अन्य नंबरों की बोली देना चाहता है वह उक्त तिथि को प्रातः 10 बजे एसडीएम करनाल कार्यालय में उपस्थित होकर बोली दे सकते है।

### मकान के ताले तोड़कर जेवरात व रुपये उड़ाए

**घरौंडा।** गांव शेखपुरा खालसा में एक़ मकान के ताले तोड़कर सोने के जेवरात व लगभग 22 हजार रुपये की नकदी चोरी करने का मामला सामने आया है । मकान मालिक शेखपुरा खालसा निवासी रामनिवास ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है।

### किशोरी से दुराचार करने वाला काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर क्षेत्र में किशोरी से दुराचार के मामले में पुलिस ने आरोपी दलीप कुमार को गिरफ्तार किया है। किशोरी की मां ने 1 जनवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 31 दिसंबर 2023 को आरोपी दलीप ने उसकी 13 वर्षीय पुत्री से दुराचार करने का अपराधिक कार्य किया है। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

# कड़ाके की ठंड का कहर जारी, दिन भर नहीं हुए सूर्यदेव के दर्शन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

पिछले कई दिन से जिले में सुबह के वक्त घना कोहरा पड़ने व आसमान में दिन भर धुंध के बादल छाए रहने और शीतलहर चलने का प्रकोप नव वर्ष के दूसरे दिन भी जारी रहा। मंगलवार को भी जिले में दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और शीतलहर चलने से मौसम में कड़ाके की ठंड बनी रही। मौसम में ठंड बढ़ने से बच्चे, बुजुर्ग व लोग बीमारियों की चपेट में आने लगे हैं। वहीं, जिले के तापमान में भी दिनों दिन गिरावट दर्ज की जा रही है। मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अभी अगले एक सप्ताह तक मौसम में और ज्यादा ठंड बढ़ने की उम्मीद है।

- आसमान में दिन भर छाए रहे धुंध के बादल और चलती रही शीतलहर




**यमुनानगर।** मंगलवार को मौसम में ठंडक बढ़ने से अलाव जलाकर सेंकते हुए लोग व आसमान में छाए हुए धुंध के बादल।

### निमोनिया, खांसी व जुखाम से पीड़ित होने लगे लोग

मौसम में ठंड बढ़ने से बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग निमोनिया, खांसी व जुखाम आदि बीमारियों से पीड़ित होने लगे हैं। चिकित्सकों ने बच्चों और बुजुर्गों को अधिक ठंड में बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। यदि जरूरी है तो गर्म कपड़े लपेट कर ही बाहर निकलें। इस दौरान पानी को गर्म करके पीएं और ठंडी वस्तुओं के खाने से परहेज करें। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय गुप्ता ने छोटे बच्चों के खान पान में ऐहतियात बरतने व उन्हें उबला हुआ पानी पीने को देने की सलाह दी। उधर, ठंड बढ़ने से पशु भी बीमार होने लगे हैं। जिन्हें हीट देकर किसी तरह ठंड से राहत दिए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

### तापमान में आई गिरावट

जिले मंगलवार को तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। इस दौरन जिले का अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान घटकर 6 डिग्री सेल्सियस रह गया।

### अलाव पर सेंककर निपटा रहे काम धंधे

मंगलवार को भी सुबह के वक्त जिले में घना कोहरा छाया रहने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। अधिकांश लोग घरों में ही दुबकने को मजबूर हो गए। इस दौरान लोगों को उम्मीद थी कि दोपहर तक कोहरा छंट जाएगा और सूर्य देव के दर्शन होंगे। मगर दिन भर सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। दोपहर तक कोहरा तो कुछ कम हुआ । मगर दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहने व शीतलहर चलने से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। लोगों ने किसी तरह अलाव जलाकर अपने कामधंधे निपटाए। मजदूरों का तो कड़ाके की ठंड में और भी बूरा हाल हो रहा है। मंगलवार को अलाव पर सेंक रहे मजदूर सूरता राम व गोपाल का कहना था कि वह मजदूरी करके अपने बच्चों का पेट पाल रहे हैं। यदि मजदूरी नहीं करेंगे तो उनके यहां भोजन के लाले पड़ जाएंगे। मजबूरी है उन्हें हाड़ गलाने वाली ठंड में भी मजदूरी करनी ही पड़ती है। ठंड से राहत पाने के लिए वह कुछ देर अलाव जलाकर हाथ सेंक लेते हैं और फिर काम पर लग जाते हैं। वहीं, दुकानदार भी हीटर पर सेंककर ग्राहकों की दिन भर दुकानों पर बैठकर बाट जोहने को मजबूर हैं। पिछले कई दिन से बाजारों में ग्राहकों की आवक भी कम दिखाई दे रही है।

# पानीपत के गांव नारा में ग्रामीण की हत्या

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत**

पानीपत के गांव नारा में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। मतलौडा थाना पुलिस को दी शिकायत में शमशेर निवासी गांव जोशी जिला पानीपत ने बताया कि एक जनवरी की सुबह करीब 11 बजे उसके चाचा राजीव उर्फ खुशीराम गांव में स्थित अपनी किरयाना की दुकान में बैठा हुआ था। हालांकि दुकान उसने किसी को किराए पर दी हुई है। इसी दौरान दुकान पर काला और धर्मा निवासी गांव नारा अपनी बाइक पर सवार होकर आए। उन्होंने राजीव को अपनी बाइक पर बैठाया व वहां से गांव नारा की ओर शराब ठेका पर ले गए। जहां से उन्होंने शराब ली। इसके बाद बाइक को काला चला रहा था। बीच में राजीव को बैठाया व पीछे धर्मा पीछे सवार हो गया। तीनों वहां से गांव नारा स्थित सुरजीत के खेत में बने कोठा ट्यूबवेल पर चले गए। जिसे राम मेहर ने ठेके पर लिया हुआ है। जहां राजीव को राम मेहर, धर्मा व काला ने मिलकर शराब पिलाई। इसके बाद तीनों की आपस में कहासुनी हो गई। कहासुनी होने पर राजीव की हत्या कर ट्यूबवेल की पानी से भरे हौद में डालकर फरार हो गए। शाम करीब साढे छह बजे परिजनों को शव पड़ा होने के बारे में पता लगा। परिजनों की सूचना पर थाना मतलौडा पुलिस मौके पर पहुंची और शव की जांच की। पुलिस ने एफ एस एल की टीम से भी घटना स्थल शव की जांच कराई।

- आरोपी हत्या कर शव को ट्यूबवेल की पानी से भरे हौद में डालकर फरार हो गए

वहीं पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद राजीव का शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने राजीव की हत्या के आरोप में राम मेहरए धर्माए और काला के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जलधारा तपस्या के समापन पर भंड़ारे का आयोजन

**समालखा।** कड़ाके की ठंड मे कई बार एक माह तक 108 मटकों की जलधारा की तपस्या पूर्ण कर चुके श्री धूणा गोरख नाथ मंदिर देहरा के भगत विनोद नाथ द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस बार भी नये साल के मौके पर सोमवार को सर्वसमाज की सुख व समृद्धि की कामना से हवन.यज्ञ का आयोजन किया गया। इस मौके पर भगत विनोद नाथ ने नाथ समप्रदाय की उत्पति एवं कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गुरू रामनाथ व नफे सिंह रामनाथ के मार्गदर्शन में उनकी तपस्या पूर्ण हुई हैं। हवन.यज्ञ के उपरांत अटूट भंडारे का भी आयोजन किया गया तथा मंदिर की ओर से 216 महिलाओं व 50 पुरूषों गरीब व जरूरतमंद लोगों को कंबल आदि गर्म वस्त्र वितरित किए गए। इस मौके पर संजय सैनी, आनन्द, ओमप्रकाश, रणधीर पावटी, रमेश डिकाडला, संदीप, कप्तान कैथल आदि थे।

- सर्वसमाज की सुख व समृद्धि की कामना से हवन.यज्ञ का आयोजन किया गया

# जनहित तक पहुंचाएं सरकार की योजनाएं : ढांडा

## राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने किया यमुनानगर शहर का औचक निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

हरियाणा महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने मंगलवार को नगर निगम यमुनानगर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। कई स्थानों पर बारीकी से जांच की। जांच में सब कुछ ठीक पाया। उन्होंने शहर की उचित सफाई व्यवस्था मिलने पर मेयर मदन चौहान व निगम आयुक्त आयुष सिन्हा के कार्य की सराहना की। साथ ही निगम अधिकारियों की पीठ थपथपाई।

मंगलवार को हरियाणा महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने नगर निगम यमुनानगर के क्षेत्र में पहुंचकर सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं जांची। इसके बाद राज्यमंत्री काफिले के साथ अचानक नगर निगम कार्यालय पहुंची। मंत्री को देखकर अधिकारी व कर्मचारी हैरान रह गए। सबसे पहले मंत्री नगर निगम के परिवार पहचान पत्र डेस्क पर गई। यहां तैनात कर्मचारी सिद्धार्थ, अंकिता व अन्य से विस्तार से बातचीत की। उन्होंने पूछा कि परिवार पहचान पत्र में किसी तरह की कोई दिक्कत तो नहीं आ रही है। कर्मचारियों ने उन्हें परिवार पहचान पत्र बनाने की कार्यप्रणाली व वर्क रिपोर्ट के बारे में अवगत कराया।

मौके पर राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने अपने कार्य के लिए आए लोगों से भी बातचीत की। आजाद नगर के मुकेश कुमार, ग्रीन पार्क के बलदेव कुमार, महिला नीलम से बातचीत की। इस दौरान मेयर मदन चौहान ने मंत्री को बताया कि नगर निगम यमुनानगर में शहरवासियों की सुविधा के लिए विशेष हेल्प डेस्क शुरू कराया गया है। एक ही छत के नीचे शहरवासियों को परिवार पहचान पत्र, परिवार पहचान पत्र में आय, जाति,नाम, मोबाइल नंबर आदि तस्दीक एक ही डेस्क पर हो रही है। यह डेस्क प्रदेश के नगर निगमों की पहला डेस्क है। इससे पहले शहरवासियों को इस संबंध में अलग अलग विंग में जाना पड़ता था। इस बारे में वे मुख्यमंत्री से बात करेंगी ताकि प्रदेश के अन्य नगर निगम कार्यालयों में भी इस तरह की सुविधा की जाए। यहां से मंत्री ढांडा नागरिक सुविधा केंद्र में पहुंची।



यमुनानगर में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण करती हुई राज्यमंत्री कमलेश ढांडा।

### अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने नगर निगम कार्यालय में निगम अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर लाभार्थी को मिलना चाहिए। मौके पर नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, महामंत्री कृष्ण सिंगला, अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, संयुक्त निगम आयुक्त नीलम मेहरा, उप निगम आयुक्त अशोक कुमार, उप निगम आयुक्त डा. विजय पाल यादव, अधीक्षण अभियंता हेमंत कुमार, एक्सईएन विकास धीमान व अन्य मौजूद रहें।

# जीजा ने किया नाबालिग साली के साथ दुष्कर्म

## गर्भवती होने पर हुआ मामले का खुलासा

**हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर**

जगाधरी की एक कॉलोनी में जीजा ने अपनी नाबालिग साली के साथ दुष्कर्म किया। जब लड़की पांच माह की गर्भवती हुई तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने लड़की के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदातल में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर किया गिरफ्तार

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लड़की के मामा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह जगाधरी की एक कॉलोनी में रहता है। उनके पास ही उसकी बहन अपने बच्चों के साथ रहती है। उसने अपनी बड़ी भांजी की शादी गगन के साथ की थी।

कुछ दिन पहले उसकी छोटी 17 वर्षीय भांजी के पेट में दर्द हुआ। जब वह उसे डॉक्टर के पास लेकर गए तो पता चला कि वह पांच माह की गर्भवती है। जब उन्होंने अपनी भांजी से पूछा तो उसने बताया कि उसके जीजा गगन ने पांच माह पहले उसके साथ दुष्कर्म किया था।

उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी गगन के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा का कुवि में स्वागत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि हमारी एकता के अंदर विविधताएं छिपी हुई हैं। वसुधैव कुटुम्बकम की भावना कश्मीर हो या हरियाणा हम सभी को एक सूत्र में बांधती है। हाल ही में जी-20 की अध्यक्षता का ध्येय वाक्य वसुधैव कुटुम्बकम द्वारा पूरे विश्व को एक परिवार माना गया। वे मंगलवार को सीनेट हॉल में मीडिया छात्र एसोसिएशन एवं इंडियन मीडिया सेंटर हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा के स्वागत कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, इंडियन मीडिया सेंटर के जनरल सेक्रेटरी नरेन्द्र, निदेशक महासिंह पूनिया, कुटा प्रधान डॉ. आनंद कुमार, डॉ. गुरचरण सिंह व कुंटिया प्रधान रजवंत कौर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि पूरे भारतवर्ष की भावना है कि हम सभी एक हैं उसी एकता में ही विविधता है और यही हमारी संस्कृति की विशेषता विश्व में हमें विशेष स्थान दिलाती है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक यात्रा का उद्देश्य नारी को सम्मान यह हमारी संस्कृति में निहित है। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी ने कहा कि इस तरह सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा से विद्यार्थियों को दूसरे प्रदेश की लोक संस्कृति व परम्पराओं को जानने का अवसर मिलता है।

- सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा से विद्यार्थियों को दूसरे प्रदेश की लोक संस्कृति व परम्पराओं को जानने का अवसर मिलता है



कुरुक्षेत्र। यात्रा में शामिल सदस्यों को संबोधित करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

### 100 विद्यार्थियों का दल विश्वविद्यालय में पहुंचा

युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए यह गर्व का विषय है कि राष्ट्रीय एकता मिशन को लेकर कश्मीर से कन्याकुमारी जाने वाला लगभग 100 विद्यार्थियों का यह दल आज विश्वविद्यालय परिसर में पहुंचा है। मंच का संचालन डॉ. आबिद अली ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रो. डीएस राणा, कार्यवाहक खेल निदेशक डॉ. राजेश सोबती, इंडियन मीडिया सेंटर के जनरल सेक्रेटरी नरेन्द्र, निदेशक महासिंह पूनिया, कुटा प्रधान डॉ. आनंद कुमार, डॉ. जितेन्द्र खटकड़, डॉ. वीरेन्द्र पॉल, डॉ. गुरचरण सिंह, विकास बतान, डॉ. सुशील टाया, कुंटिया प्रधान रजवंत कौर, डॉ. हरविन्द्र राणा, रविन्द्र तोमर सहित एनसीसी, एनएसएस के विद्यार्थी मौजूद थे।

# चेयरमैनी दिलवाने के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी मामले का आरोपी काबू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**

जिला पुलिस ने खादी ग्राम आयोग का चेयरमैन बनाने के नाम पर करीब 1.5 करोड़ की धोखाधडी करने के एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस की स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट की टीम ने खादी ग्राम आयोग का चेयरमैन बनाने के नाम पर करीब 1.5 करोड़ की धोखाधड़ी करने के आरोप में चैन सिंह गौतम पुत्र मंगत राम वासी रतपुरा कॉलोनी पिंजोर जिला पंचकूला को गिरफ्तार किया है। शिकायत में हरबीर सिंह पुत्र जोगिन्द्र सिंह वासी रतनगढ़ थाना शाहबाद जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि उसका करनाल वासी रोशन शर्मा के घर आना-जाना था। जिसने उसे कहा कि हम आपको हम हरियाणा सरकार में खादी ग्राम आयोग की चैयरमैनशीप वा हरियाणा सरकार में आरो वॉटर सिस्टम का टेंडर दिलवा देगे तथा हरियाणा सरकार के उच्च अधिकारियों से आपकी मुलाकात भी करवा देंगे। जिसपर रोशन शर्मा ने शाहाबाद के अमन हॉटल में उसकी मुलाकात व बारु राम, चैन सिंह गोतम, मीना देवी व उमेश कुमार से करवाई।

- खादी ग्राम आयोग का चेयरमैन बनाने के नाम पर की धोखाधड़ी

### अलग-अलग तारीखों में रुपये आरोपियों को दिए

गोतम ने अपने आप को चीफ अंडर सैक्रेट्री हरियाणा सरकार बताया। जिन्होंने खादी ग्रामीण आयोग की चैयरमेनी के लिए दो करोड़ रुपये तथा हरियाणा आरों वॉटर सिस्टम टेंडर दिलवाने के लिए 75 लाख रुपये टोकन मनी के रूप में एडवास देने की मांग की। उसने उनपर विश्वास करके चेयरमैनी, टेंडर दिलवाने तथा रिश्तेदारों को नौकरी लगवाने के नाम पर अलग-अलग तारीखों 1 करोड़ 51 लाख रुपये आरोपियों को दे दिए।



**अंबाला।** गन्ने की होली जलाते धरनारत किसान। फोटो : हरिभूमि

### किसानों ने गन्ने की होली जलाकर जताया विरोध

**नारायणगढ़।** गन्ना मिल की कुर्की व किसानों के बकाया के मुद्दे पर किसानों का धरना निरंतर चल रहा है। एसडीएम ऑफिस पर कड़ाके की ठंड के बावजूद मंगलवार को भी भारी संख्या में किसान धरने पर डटे रहे। किसानों का कहना है कि सरकार और प्रशासन उनकी सुध नहीं ले रही। अगर मिल नीलाम होता है तो गन्ना किसानों के बकाया और जो गन्ना उन्होंने मिल को दिया उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी। सरकार और प्रशासन के रवैया से नाराज किसानों ने मंगलवार को गन्ने की होली जलाने का निर्णय लिया। सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए किसानों ने एसडीएम दफ्तर के सामने गन्ने की होली जलाई। शहीद भगत सिंह भारतीय किसान यूनियन के उपाध्यक्ष विक्रम राणा ने कहा की सरकार और प्रशासन अपनी जिम्मेवारी से भाग रहे हैं। अगर किसानों का पैसा दिलवाने की जिम्मेदारी प्रशासन की नहीं है तो फिर सरकार और प्रशासन की जरूरत क्या है? मजबूरी में किसान अपनी फसल की होली जला रहे हैं। संयुक्त किसान मजदूर इंकलाब यूनियन के अध्यक्ष धर्मवीर ढींडसा ने कहा की यह मजबूरी किसानों की है कि एक साल तक जिस फसल को वह अपने बच्चों की तरह पालता है उसकी वह होली जला रहा है। किसानों ने मजबूरी में अपनी फसल की होली जलाई क्योंकि सरकार और प्रशासन के रवैया से ऐसे हालात पैदा हो गए । अगर किसान अपनी फसल को मिल में लेकर जाता है और उसको पैसा नहीं मिलता तो छुलाई और मिल तक पहुंचाने का खर्च भी उसको घर से करना पड़ता है। ऐसे में बेहतर है कि किसान अपने बच्चों की तरह पाली हुई फसल को आग ही लगा दें। मिल अगर नीलाम होती है तो किसानों के पैसे की जिम्मेदारी जो कानूनन प्रशासन और सरकार की है। उस जिम्मेवारी को भी लेने से सरकार और प्रशासन पल्ला झाड़ रहे हैं।

## प्रदेश सरकार ने जनवरी 2024 से वृद्धा सम्मान भत्ता में की बढ़ोतरी : विस अध्यक्ष

# अब लाभार्थियों को पेंशन के रूप में प्रति माह मिलेंगे 3 हजार रुपये

- गांव फतेहपुर के सामुदायिक केंद्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के तहत कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला**

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वृद्धा सम्मान भत्ता योजना को परिवार पहचान पत्र के साथ जोड़ा गया है। परिवार पहचान पत्र के अनुसार व्यक्ति की आयु 60 वर्ष होते ही आटोमोड में लाभार्थी की पैंशन स्वतः ही बन जाती है और उसे कार्यालय में जाने की आवश्यकता नही पड़ती। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा वृद्धा सम्मान भत्ता योजना के तहत मिलने वाली राशि को जनवरी 2024 से 2750 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 3000 रुपये कर दिया है।

गुप्ता आज गांव फतेहपुर के सामुदायिक केंद्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर नगर निगम महापौर कुलभूषण गोयल और नगर निगम आयुक्त सचिन गुप्ता भी मौजूद रहे।

गुप्ता ने कहा कि वृद्धा सम्मान भत्ता योजना के साथ साथ अन्य सामाजिक सुरक्षा भत्ता योजनाओं के तहत मिलने वाली राशि को भी बढाकर 3000 रुपये प्रतिमाह किया गया है। इस मौके पर गुप्ता ने वृद्धा सम्मान भत्ता योजना के लाभार्थियों दिलीप सिंह, ईश्वर चंद और रानी देवी, लाडली पैंशन योजना की लाभार्थी कौशल्या और विधवा पैंशन योजना की लाभार्थी लीलावती को पैंशन सर्टिफिकेट वितरित किए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि केद्र और राज्य सरकार द्वारा गरीब कल्याण की अनेक योजनाएं लागू की गई है। गरीब माताओं, बहनों को चुल्हें पर भोजन पकाते समय निकलने वाले धुएं से परेशानी का सामना न करना पडे इसके लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना शुरू की गई। इस योजना के तहत देश में 13 करोड लाभार्थियों को निशुल्क सिलेंडर और चूल्हे की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। इस मौके पर गुप्ता ने योजना की 2 लाभार्थी रूबी और गीता को सिलेंडर और चूल्हा भेंट किया। उन्होने लोगों से आहवाहन किया कि कोई भी पात्र लाभार्थी विकसित भारत योजना के तहत संबंधित विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल पर जाकर अपना पंजीकरण करवाकर सुंविधा का लाभ ले सकता है।

गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है और यह तभी पूरा हो सकता है जब पंक्ति में खडे अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। इसी उदेश्य की पूर्ति के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जनंसवाद के तहत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली गाडी प्रत्येक गांव और वार्ड में जाकर लोगो को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रही है।

इसके अलावा सरकार आपके द्वार अवधारणा के तहत विभिन्न विभागों द्वारा स्टालस लगाकर लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलने में आ रही समस्याओं के समाधान करने के साथ साथ उन्हें मौके पर ही लाभ प्रदान किया जा रहा है ताकि लोगों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े।

### सीधे लाभार्थियों के खाते में जा रहा योजनाओं का लाभ

गुप्ता ने कहा कि कोई भी गरीब व्यक्ति पैसे के अभाव में ईलाज से वंचित न रहे, इसके लिए आयुष्मान योजना लागू की गई। इस योजना के तहत गरीब और बीपीएल परिवार के लोगों को सरकारी और निजी अस्पतालों में सालाना 5 लाख रूप्ये तक की निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। इस योजना के तहत देश में 40 करोड लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके है। उन्होने कहा कि जन- धन योजना के तहत देश में करोडो लोगों के बैंक अकाउंट खोले गए। विपक्ष द्वारा कहा गया था कि अकाउंट तो खोल दिए गए पर पैसा कंहा से आएगा। गुप्ता ने कहा कि पूर्व की सरकारों में योजनाओं के तहत पूरी राशि लाभार्थियों तक नही पहुंच पाती थी, परंतु आज सामाजिक सुरक्षा भत्ता योजना, किसान सम्मान निधि सहित अनेकों योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों के खाते में जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है,

### विकसित भारत की शपथ दिलवाई

इस मौके पर गुप्ता ने शिक्षा और खेल के क्षेत्र में उत्कृठ प्रर्दशन करने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इसके अलावा उन्होने आयुष्मान योजना के तहत 2 लाभार्थियों सुमन और प्रोमिला को योजना के सर्टिफिकेट वितरित किए। उन्होने उपस्थित लोगों को विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई। इस अवसर पर नगर निगम की अतिरिक्त आयुक्त रिचा राठी, जिला परिषद के सीईओ गगनदीप सिंह, हरियाणा बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव रंजिता मेहता, पार्षद हरेंद्र मलिक, जय कौशिक, सुनित सिंगला, सुशील गर्ग, यात्रा के जिला सयोजक राजेंद्र नौनीवाल और एसपी गुप्ता, मंडल अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, कुलदीप तिवाणा, युवराज कौशिक के अलावा गौतम प्रसाद, अशोक वालिया, शंभुनाथ, दीपक शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### रेलवे स्टेशन पर लावारिस बैग में शराब मिली

**रेवाड़ी।** जीआरपी ने लोहारू रेलवे स्टेशन के ओवरब्रिज के नीचे एक लावारिस बैग से शराब मिलने के बाद एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। जीआरपी के अनुसार एक बैग लावारिस अवस्था में रखा हुआ था। पूछताछ करने पर किसी भी यात्री ने बैग पर दावा नहीं जताया। जांच करने पर बैग से पांच बोतल शराब बरामद हुई। जीआरपी ने केस दर्ज करने के बाद बैग के मालिक की तलाश शुरू कर दी।

### कार की चपेट में आकर बाइक चालक घायल

**नाहड़।** बव्वा के निकट एक ऑल्टो कार की चपेट में आकर बाइक चालक घायल हो गया। पुलिस बयान में राजेंद्र ने बताया कि वह बाइक पर अपने खेत से घर की ओर जा रहा था। गांव के पास ऑल्टो कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। लोगों ने उसे घायलावस्था में अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद बाइक चालक की तलाश शुरू कर दी।

### मंदिर में सेंध लगाकर दानपात्र से नकदी चोरी

**रेवाड़ी।** सिविल अस्पताल के पास संकट मोचक हनुमान मंदिर में सेंध लगाकर चोर दानपात्र से हजारों रुपये नकदी चोरी कर ले गए। पुजारी पवन वत्स ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि सीसीटीवी कैमरे में चोर नजर आ रहा है। उसने मंदिर के अंदर बने दूसरे मंदिरों के भी ताले भी तोड़ दिए। चोर दानपात्र लगभग 70 हजार रुपये चोरी कर ले गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### हुड़दंगबाजी करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सामान्य बस स्टैंड के पास हुड़दंगबाजी करने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार लक्ष्मीनगर निवासी दीपेंद्र और खोरी निवासी शुभम आपस में गुत्थम-गुत्था होकर हुड़दंगबाजी कर रहे थे।

### कॉलेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

# युवा शक्ति देश की तरक्की के लिए आवश्यक : डा. ललित

- युवा शक्ति भविष्य में देश को सही दिशा और नेतृत्व प्रदान करेगी
- देश को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने के लिए देश के युवाओं को अपनी जिम्मेदारियां समझनी होंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

छारा स्थित राजकीय महाविद्यालय में विकसित भारत अभियान की नोडल अधिकारी डॉ. अनीता दलाल की अध्यक्षता में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. अनीता दलाल ने कार्यक्रम की रूपरेखा के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि जनवरी माह में यह कार्यक्रम लगातार चलेगा। सहायक प्रोफेसर डॉ. ललिता ने छात्र-छात्राओं को भारत सरकार द्वारा संचालित अभियान के विषय में अपने विचार प्रकट करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि देश को विकसित बनाने में युवा महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं, क्योंकि भारत में विश्व की सबसे ज्यादा युवा जनसंख्या है। युवा शक्ति देश की तरक्की के लिए आवश्यक है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी विकसित भारत @2047 विजन के लिए युवा शक्ति को आह्वान किया है। युवा शक्ति भविष्य में देश को सही दिशा और नेतृत्व प्रदान करेगी। देश को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने के लिए देश के युवाओं को अपनी जिम्मेदारियां समझनी होंगी और अपनी नवीन सोच का इस्तेमाल देशहित में करना होगा, तभी विकसित भारत का सपना सच हो सकेगा। कार्यवाहक प्राचार्यर डॉ. अनीता दलाल की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. मंजू देशवाल, डॉ. मंजू मालिक, डॉ. देवेंद्र, डॉ. अश्वनी, मोहित, डॉ. जयंत आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।


बहादुरगढ़। छारा कॉलेज में हुए कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

# आनंददास आश्रम भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

- मंदिर परिसर में स्थापित साधु संतों व देवी देवताओं के समक्ष माथा टेक कर मन्नत मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

कोसली रोड की किला कॉलोनी स्थित महाराज आनंददास आश्रम में मंगलवार को महाराज नारायण दास की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर महंत अजय दास महाराज ने बताया कि सुबह करीब आठ बजे यज्ञ-हवन का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में स्थापित बाबा आनंददास, बाबा गोपालदास व महाराज नारायणदास की प्रतिमाओं को भोग लगाने व उसके बाद कन्या पूजन व साधु भोज के साथ भंडारे की शुरूआत की गई। भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया तथा मंदिर परिसर में स्थापित साधु संतों व देवी देवताओं के समक्ष माथा टेक कर मन्नत मांगी। उन्होंने बताया कि भंडारे की पूर्व रात्रि सत्संग का आयोजन भी किया गया। सत्संग के दौरान गायक कलाकारों द्वारा भजनों के माध्यम से बाबा की महिमा का गुणगान किया गया। इस दौरान ढोलक मास्टर दीपक, हारमोनियम वादक उमाशंकर, अमित पंछी, शक्ति सैनी, मास्टर दलबीर, काले, सुनील, सतपाल, कालू, कृष्ण, सरिता, अनीता, दर्शना, सीमा, सुरेंद्र, कुलदीप, दयानंद सहित अन्य भी मौजूद रहे।

सिंगल यूज प्लास्टिक का दिया संदेश : आश्रम के महंत अजय दास ने बताया कि उन्होंने श्रद्धालुओं के सहयोग से भंडारे के लिए स्टील की प्लेट की व्यवस्था की गई। उन्होंने लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने का संदेश देते हुए कहा कि जहां तक संभव हो वे अपने घरों में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें।


झज्जर। भंडारे के दौरान प्रसाद ग्रहण करते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

# जरूरतमंदों में बांटे गर्म कपड़े-बर्तन


बहादुरगढ़। ईंट-भट्ठों पर कपड़े-बर्तप बांटते नवीन राठी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव खरहर से सामाजिक कार्यकर्ता ललिता राठी ने ईंट-भट्ठे पर कार्य करने वाले जरूरतमंद परिवारों और मजदूरों को कपड़े-बर्तन बांटे। अपने छोटे भाई नवीन राठी के साथ इस नेक काम में शामिल ललिता ने बताया कि अकसर घरों में ऐसे बहुत सारे कपड़े और बर्तन काम में नहीं आते, उन्हें जरूरतमंदों को देना चाहिए। ताकि उनका सदुपयोग हो सके। बेचारे गरीब सर्दियों में ठिठुरते रहते हैं और नए कपड़े नही खरीद सकते है। ऐसा करने से उनको भी राहत मिलती है।

# जैन ने सैनी को भेंट किया कैलेंडर

- सांसद नायब सैनी ने डॉ. पंकज जैन के क्रियाकलापों की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

भाजपा स्वच्छता विभाग के प्रदेश सह प्रमुख डॉ पंकज जैन ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नायब सैनी से मुलाकात कर सरकार की योजनाओं से संबंधित कैलेंडर भेंट किया। साथ ही बहादुरगढ़ विधानसभा में उनके द्वारा किए जा रहे प्रचार-प्रसार को लेकर जानकारी दी। सांसद नायब सैनी ने डॉ. पंकज जैन के क्रियाकलापों की सराहना की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस नेता आए दिन झूठ बोलकर लोगों को गुमराह करने में लगे हैं। लेकिन अगले वर्ष होने वाले चुनावों में भी इन्हें कुछ हाथ लगेगा। गत 9 साल की उपलब्धियां गिनवाते हुए सैनी ने कहा कि प्रदेश की मनोहर सरकार में मेरिट और योग्यता के आधार पर युवाओं को सरकारी नौकरियां मिलती है। आज हर वर्ग मोदी-मनोहर सरकार से बेहद खुश है। मोदी-मनोहर शासन में गरीब कल्याण और सुशासन के लिए काम हो रहा है। उन्होंने एक बार फिर प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटें जीतने और तीसरी बार हरियाणा में सरकार बनाने का दावा किया।


बहादुरगढ़। प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी को कैलेंडर भेंट करते भाजपा नेता डॉ. पंकज जैन।

### स्वयंसेवकों को दी शिविर के उद्देश्यों व बैंकिंग क्षेत्र की बारीकियों की जानकारी

**झज्जर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जहाजगढ़ में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के पांचवें दिन वाणिज्य प्रवक्ता सुखबीर सिंह ने स्वयंसेवकों को जीवन पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने स्वयंसेवकों को बदलते भौतिक प्रभाव और एआई के समन्वय में वाणिज्य शिक्षा के महत्व बारे भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। रविंद्र कौशिक ने सकारात्मक सोच विकसित करने और जीवन में इसके प्रभावों से स्वयंसेवकों को अवगत कराया। कार्यक्रम प्रभारी मंदीप ने उन्हें शिविर के उद्देश्यों व बैंकिंग क्षेत्र की बारीकियों बारे समझाया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा ग्रामीण संस्कृति बारे एक वार्ता का भी आयोजन किया गया।



झज्जर। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए रविंद्र कौशिक। फोटो :हरिभूमि

# सामाजिक सुधार की दी प्रेरणा



झज्जर। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों को पुरस्कृत करते हुए मुख्यातिथि एवं प्राचार्य। फोटो :हरिभूमि

कपीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दादरी तोए में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवकों को सामाजिक सुधार के मुद्दे उठाने के लिए प्रेरित किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी आशीष कादियान ने बताया कि मंगलवार को आयोजित शिविर में रोहतक के नेकीराम कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर वेद प्रकाश श्योराण मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने सामाजिक सुधार के विभिन्न मुद्दों को उठाते हुए स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। स्कूल प्राचार्य डॉक्टर राजेंद्र ने मुख्यातिथि का आभार जताया। इसके अलावा स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाकर जहां स्कूल परिसर की साफ-सफाई में श्रमदान किया वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए। इस मौके पर सुनील कुमार, अनिल गुलिया, रेनू गुलिया, प्रोमिला व नरेश सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# होनहार विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

पेस आईआईटी और मेडिकल संस्थान में छठी से आठवीं कक्षा तक के होनहार विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

संस्थान के निदेशक जयविकास ने बताया कि पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों में एआईटीएस टॉपर छठी कक्षा से सक्षम, युवराज और अंश, सातवीं से मनुज, निखिल और अवि, आठवीं कक्षा से भानवी, सुहानी, देव शामिल रहे। आईईओ इंटरनेशनल लेवल 1 क्वालिफायर अश्मिता, युवराज, रूपिका, आस्था, भानवी, तक्षय, कुणाल और सुहानी, आईजीकेओ में वंशिका, युवराज, प्रियांशु, हर्षित, मयंक, अर्शित और प्रांजल, एफए-2 में इशिका, सक्षम, युवराज, मनुज, हर्षित अवि, भानवी, सुहानी, छाया, चित्रा को पुरस्कार मिला।

इनके अलावा आईओ में मनुज, दिशिता, निखिल और अनुज, आईजीके में अभय, चिराग व प्रांजल को अखिल भारतीय रैंक-1 हासिल करने पर तथा भानवी और अवि को वीवीएम लेवल-2 में उत्कृष्ट स्थान हासिल करने पर सम्मानित किया गया।



झज्जर। होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए संस्थान निदेशक जयविकास।

### वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में हुआ हवन


बहादुरगढ़। हवन के उपरांत आरती करती प्रिंसिपल डॉ. आशा शर्मा। फोटो :हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में हवन का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय की प्रिंसिपल डॉ. आशा शर्मा ने आहुति डालते हुए सभी भावी अध्यापिकाओं को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि यह एक वर्ष की शुरुआत और दूसरे वर्ष का अंत है। भावी अध्यापिकाओं ने नए साल पर राष्ट्र निर्माण में अपना सहयोग देने का संकल्प लिया।

### पुलिस ने विद्यार्थियों को जागरूक किया


बहादुरगढ़। अतिथि व शिक्षकों के साथ मौजूद कैंप में भाग लेने वाली स्वयंसेविकाएं।

**बहादुरगढ़।** नूना माजरा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित एनएसएस शिविर में मंगलवार को यातायात पुलिस व सड़क सुरक्षा संगठन की टीम पहुंची। हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत टीम में शामिल अधिकारियों ने विद्यार्थियों को यातायात नियम, बाल शोषण, साइबर क्राइम आदि विषयों के प्रति जागरूक किया। यातायात पुलिस को-ऑर्डिनेटर एसआई सत्यप्रकाश ने स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं चालकों की लापरवाही के कारण होती है। एक लापरवाह चालक न केवल खुद के बल्कि दूसरों के लिए भी कई बार खतरा पैदा कर देता है। इसलिए चालक को नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने साइबर क्राइम, डायल-112 सहित अन्य विषयों पर भी बच्चों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई। अन्य वक्ताओं ने कहा कि 18 से कम उम्र में वाहन चलाने से बचें। इस दौरान बच्चों को नियम पालना की शपथ भी दिलाई गई। सड़क सुरक्षा नियमावाली पुस्तिका भी बच्चों को दी गई। प्रिंसिपल पूनम मक्कड़, एनएसएस अधिकारी डॉ. सुमनलता, सतीश शर्मा आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।

### शहर के वार्ड नंबर 15 में किया गया अक्षत वितरण

**झज्जर।** अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को होने वाले श्रीरामलाल प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए पहुंचे निमंत्रण रूपी अक्षत का वितरण शहर में शुरू हो गया है। प्रवक्ता ने बताया कि परिषद सदस्यों व रामभक्तों द्वारा वार्ड स्तर पर पांच-पांच सदस्यों की टीम बनाकर घर-घर अक्षत वितरण किया जा रहा है। वार्ड नंबर 15 में अक्षत वितरण के दौरान भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर राकेश कुमार, रमेश सैनी, वार्ड पार्षद नरेश बेडवाल, पंकज शर्मा, दयावंती, लाला राम, लक्ष्मीनारायण, इंद्रपाल, जयपाल सहित अन्य भी मौजूद रहे। विश्व हिंदु परिषद के जिला उपाध्यक्ष मनु शर्मा ने बताया कि नूतन वर्ष के साथ निमंत्रण कार्य की शुरूआत हो चुकी है। परिषद पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा प्राण प्रतिष्ठा समारोह दिवस पर प्रातः ग्यारह बजे से एक बजे तक अपने निकटवर्ती मंदिरों में पहुंच कर हवन-कीर्तन व सुंदरकांड पाठ करने तथा अयोध्याजी का लाइव प्रसारण स्क्रीन पर देखने का आह्वान भी आमजन से किया जा रहा है। इसके अलावा कार्यक्रम के समापन की शाम सात बजे प्रभु श्रीराम के स्वागत में अपने-अपने घरों में पांच दीपक जलाने, विभिन्न प्रकार के पकवान बनाकर प्रभु को भोग लगाने व आतिशबाजी करके खुशी मनाने के लिए भी लोगों को प्रेरित किया जा रहा है।


झज्जर। वार्ड नंबर 15 में अक्षत वितरण करते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर राकेश कुमार। फोटो :हरिभूमि

### स्वयंसेविकाओं को किया पर्यावरण व जल संरक्षण के लिए जागरूक

# रस्साकशी स्पर्धा में अंजु की टीम रही विजेता

- स्वयंसेविकाओं के लिए खेल गतिविधियों का किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के छठे दिन स्वयंसेविकाओं को पर्यावरण संरक्षण बारे जागरूक किया गया। स्वयंसेविकाओं ने पर्यावरण बचाओ विषय पर पोस्टर बनाकर लोगों को पर्यावरण प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग जागरुकता व पौधरोपण के महत्व का संदेश दिया। मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद सेवानिवृत्त भूगोल प्राध्यापक सुरेंद्र ने कहा कि हम छोटी-छोटी आदतें अपनाकर पर्यावरण एवं जल संरक्षण में अपना योगदान दे सकते हैं। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को अनावश्यक चल रहे नल को बंद करने, जरुरत न होने पर लाइट बंद करने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने, घर के कूड़े को एक जगह एकत्रित कर कूड़ा उठान की गाड़ी में डालने जैसी आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी अन्नु देशवाल ने एनएसएस शिविर के महत्व व नॉट मी बट यू के आदर्श वाक्य पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। दूसरे सत्र में स्वयंसेविकाओं के लिए आयोजित खेल गतिविधियों में डीपीई राजबीर देशवाल, संगीत प्राध्यापक ईश्वर व हिंदी प्राध्यापिका सुशीला के सहयोग से रस्शाकसी स्पर्धा का आयोजन किया गया। रस्साकसी में अंजु व उसकी टीम को विजयी घोषित किया गया।


झज्जर। रस्साकसी स्पर्धा में एक-दूसरे से जीतने का प्रयास करते हुए टीम सदस्य। फोटो :हरिभूमि


झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिवक्ता। फोटो :हरिभूमि

### वार्षिक चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराने पर जताया चुनाव अधिकारियों का आभार

**झज्जर।** नव वर्ष के उपलक्ष्य में स्थानीय बार एसोसिएशन कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बार एसोसिएशन प्रधान दीपक गोयल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय तेवतिया सहित कई न्यायाधीश मौजूद रहे। बार एसोसिएशन के प्रधान दीपक गोयल ने वार्षिक चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने पर चुनाव अधिकारी टीम में शामिल आरके वर्मा, त्रिभुवन कश्यप, कृष्ण सुहाग, सुंदर सिंह खंडेलवाल, प्रदीप काकरान, सुखवीर कादियान, धनसिंह सहरावत, सतीश जाखड़, राकेश पूनिया, रविंद्र कौशिक व कर्मबीर सहरावत का आभार जताया। इस मौके पर बार उप-प्रधान हरदीप दलाल, सचिव यशवीर छिक्कारा, सह-सचिव अजय यादव, कोषाध्यक्ष मोहित वर्मा, नरेश झामरी, जितेंद्र खत्री, रंजीव कोडान, अजीत सोलंकी, रविंद्र सिक्का, वीरेंद्र गहलोत, आनंद रणखंडा, राजेश किन्हा, जगशेर कादियान, देवेंद्र कादियान सहित अन्य भी मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, कृष्ण चन्द्र शर्मा पुत्र श्री राम सिंह निवासी ग्राम झाँसवा उप तह. साल्हावास जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरा लड़का अक्षय मेरे कहने सुनने से बाहर है तथा अपनी मनमानी करता है। मैं अक्षय को अपनी चल - अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार का उससे कोई वास्ता नहीं रहेगा। यदि वह किसी से कोई लेन देन अथवा व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**

मैं, अशोक पुत्र श्री रामकंवार निवासी गांव बराही, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी पुत्री शिखा मेरे कहने सुनने से बाहर है और मैं उससे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। शिखा अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होगी। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उससे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

## खबर संक्षेप

### दक्षिणा के साथ वितरित किए कंबल

**बहादुरगढ़।** मंगलवार को सेक्टर-6 के सामुदायिक केंद्र परिसर में विशेष यज्ञ हुआ। यज्ञ सम्राट श्रीश्री 1008 हरिओम जी महाराज ने मंत्रोच्चारण के साथ 150 साधु-संतों और पंडितों की मौजूदगी में यह विशेष हवन कराया। इसमें बुजुर्ग महिला चंद्रकला, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष डा. नीना सतपाल राठी, पूर्व चेयरमैन कर्मवीर राठी, दिनेश शेखावत, मोनू रोहद, डा. गिरिश, अभिप्राय व आश्चर्य राठी आदि ने आहुति डाली। हर घर यज्ञ करते रहने का आह्वान करते हुए पार्षद डा. नीना सतपाल राठी ने 150 पंडितों-विद्वानों को दक्षिणा के साथ ही कंबल भी वितरित किए।

### श्रीकृष्ण भवन धर्मशाला में रक्तदान शिविर आज

**झज्जर।** राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में बुधवार को सिलानी गेट स्थित श्रीकृष्ण भवन यादव धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। युवा कांग्रेस झज्जर के अध्यक्ष रामअवतार गहलावत उर्फ दीपक ने बताया कि सुबह नौ बजे से दोपहर बाद चार बजे तक चलने वाले इस शिविर में रक्त एकत्रण का कार्य स्थानीय नागरिक अस्पताल व रेडक्रॉस की टीम द्वारा किया जाएगा। शिविर से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## देशभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम जारी

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने गांव अच्छेज और दूबलधन में किया ग्रामीणों से सीधा संवाद

कादियान ने कहा कि युवा जोश ने देश को आगे बढ़ाया, ठीक उसी तरह अब युवाओं का लक्ष्य और संकल्प एक ही होना चाहिए कि भारत आत्मनिर्भर और विकसित देश कैसे बनेगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरी



**बेरी।** कार्यक्रम के दौरान प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते व स्टॉल का अवलोकन करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष विक्रम कादियान। फोटो : हरिभूमि

मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद क्षेत्र के गांव अच्छेज और दूबलधन (धिक्याण) में पहुंची। भाजपा जिलाध्यक्ष विक्रम कादियान ने ग्रामीणों के साथ यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष विक्रम कादियान ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित देश के रूप में दुनिया के सामने लाने के लिए भारत का विजन डॉक्यूमेंट पेश किया जा चुका है और देशभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम निर्बाध रूप से जारी हैं। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी इस समय अपनी ऊर्जा के माध्यम से देश को आगे ले जाने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि आजादी मिलने के समय जिस तरह युवा जोश ने देश को आगे बढ़ाया, ठीक उसी तरह अब युवाओं का लक्ष्य और संकल्प एक ही होना चाहिए कि भारत आत्मनिर्भर और विकसित देश कैसे बनेगा। हम सभी मिलकर ऐसा क्या करें कि भारत आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनने के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़े।

उन्होंने कहा कि युवाओं को भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आउट ऑफ द बॉक्स यानी अपने दायरे से बाहर जाकर सोचना होगा। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विभिन्न स्टॉल व प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा हमारा संकल्प-विकसित भारत का संकल्प दिलाया।

### ये रहे मौजूद

*मौके पर झज्जर सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक की चेयरपर्सन नीलम अहलावत, अच्छेज गांव के सरपंच राजेंद्र सिंह,जयवीर सिंह, एसईपीओ सत्यवान अहलावत, करतार सिंह, संदीप कुमार, वीरमति, धर्मकौर, निर्मला देवी, जोगेंद्र अहलावत, एसबीएम कोऑर्डिनेटर पूनम सैनी, गांव दूबलधन (धिक्याण) की सरपंच संगीता देवी, दूबलधन (किरमाण) की सरपंच अनीता रानी,दूबलधन (बिध्याण) जगपाल सिंह, पंच हितेष कुमार, गौरव कुमार, कैप्टन सतबीर सिंह, मास्टर सुखलाल, राजपाल सिंह, राजकुमार, रविंद्र कौशिक, आयुष अधिकारी डॉक्टर संदीप वत्स, बैंक प्रबंधक बलविंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार, सूरजमल, बलराम सहित अन्य भी मौजूद रहे।*

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से देश-प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का दौर शुरू हुआ है, जिसके परिणाम स्वरूप समाज के जरूरतमंद व्यक्तियों को घर बैठे सरकार की अंत्योदय व जनकल्याण को समर्पित योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सरकार की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रहे लोगों को लाभावित करने में विकसित भारत संकल्प यात्रा वरदान साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार अंत्योदय के सपने को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। लाभार्थियों को एक ही स्थान पर योजनाओं का लाभ मिल रहा है।


बहादुरगढ़। मांडोठी में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते पूर्व विधायक नरेश कौशिक। फोटो : हरिभूमि

### मांडोठी व परनाला पहुंची संकल्प यात्रा

**बहादुरगढ़।** विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा मंगलवार को गांव मांडोठी और परनाला में पहुंची। यहां आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को सम्मानित किया। पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के समावेशी विकास की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए सीएम मनोहर लाल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून-व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के उत्थान और अंत्योदय को हासिल करने के लिए कई अनूठी स्कीम शुरू की हैं और ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। आईटी का बड़े पैमाने पर प्रयोग करके व्यवस्था परिवर्तन का काम किया है, जिससे भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार व क्षेत्रवाद पर अंकुश लगा है। अब गरीब का हक कोई छीन नहीं सकता। उन्होंने दोनों कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। मेरी कहानी मेरी जुबानी कार्यक्रम के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों ने अपने अनुभव सांझा किए। इस दौरान सभी विभागों ने अपनी स्टाल लगाकर नागरिकों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा किसानों को ड्रोन की जानकारी दी गई। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन पाले राम शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि निलेश, मंडल अध्यक्ष सोनू मान, कृष्ण चंद्र, पंच मोहन, प्राचार्य विजेंद्र मलिक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणबीर राठी, सरपंच प्रतिनिधि अशोक राठी, मंडल अध्यक्ष सत्यवान छिकारा, विशाल छिल्लर, सत्यवान दलाल, व एसईपीओ पूनम रानी आदि उपस्थित थे।

### आठ गांवों में आज पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

*झज्जर। डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद बुधवार को जिला के पांच खंडों माछरौली, साल्हावास, झज्जर, बादली और बहादुरगढ़ के दो -दो गांवों में पहुंचेगी। यह संकल्प यात्रा सुबह दस बजे माछरौली खंड के गांव किरडोध स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में और साल्हावास खंड के गांव सुरहेती स्थित सामान्य चौपाल में दोपहर दो बजे, झज्जर खंड के गांव धौड़ स्थित राजकीय स्कूल मैदान में सुबह दस बजे और गांव महराना स्थित राजकीय विद्यालय में दोपहर दो बजे, बादली खंड के गांव शाहपुर स्थित राजकीय प्राथमिक स्कूल मैदान में सुबह दस बजे और गांव देशलपुर स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय परिसर में दोपहर दो बजे,खंड बहादुरगढ़ के गांव जसौरखेड़ी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सुबह दस बजे और गांव लोहारेडी स्थित वाटिका परिसर में दोपहर दो बजे पहुंचेगी और आमजन को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं बारे जागरूक करेगी।*

## शीतलहर ने छुड़ाई कंपकंपी, न्यूनतम तापमान रहा छह डिग्री सेल्सियस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

ठंड अपने पूरे शवाब पर है। जिसका असर जन-जीवन पर दिखाई दे रहा है। मंगलवार को दिनभर शीतलहर चलती रही, जिसके कारण जहां लोग अपने घरों में दूबकने को मजबूर रहे। वहीं ठंड से बचने के लिए लोग दिनभर अलाव की शरण में भी दिखाई दिए। शहर के विभिन्न बाजारों व चौक-चौराहों पर लोग आग जलाकर बैठे रहे। शीतलहर के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आगामी दिनों में मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे है। उधर, किसानों का कहना है कि अगर इस मौसम में हल्की बरसात होती है तो फसलों के लिए काफी फायदेमंद होगा, लेकिन कोहरा और ओंस भी गेहूं की फसल के लिए लाभदायक है।


**झज्जर।** ठंड से बचने के लिए अलाव सेंकते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि

## पदक विजेता खिलाड़ियों का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

हिसार जिले के कनोह गांव में हुई पांचवीं हरियाणा राज्य वॉक चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ी छाए रहे। शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां के कई खिलाड़ियों ने पदक जीते। इन पदक विजेताओं को जिला एथलेटिक्स संघ के पदाधिकारियों और खेल प्रेमियों ने जोरदार अभिनंदन किया। इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता की 20 वर्ष से कम आयुवर्ग की 10 किमी वॉक रेस में रिया ने स्वर्ण पदक हासिल किया।

वहीं अंडर-16 की तीन किलोमीटर वॉक में प्रियंका ने भी स्वर्ण पर कब्जा जमाया। लड़कों की 20 किलोमीटर वॉक में आर्यन ने बाजी मारी। जबकि जतिन ने रजत पदक पर कब्जा जमाया। अंडर-20 आयुवर्ग की की दस किलोमीटर वॉक में रोहित ने स्वर्ण तो रोशन ने रजत पदक पर कब्जा जमाया। इसी तरह अंडर-16 आयुवर्ग में मोहित ने कांस्य पदक जीता। जिला एथेलिटक्स संघ के प्रधान राजेंद्र मलिक और सचिव भीम अवॉर्डी चरण सिंह राठी ने पदक विजेताओं का बहादुरगढ़ पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया।

पदाधिकारियों ने कहा कि ये खिलाड़ी बेहद होनहार है। इन्होंने पूरे जिले का मान बढ़ाया है। उम्मीद है कि इनका ये बेहतरीन प्रदर्शन आगे भी बरकरार रहेगा। उन्होंने ये भी जानकारी दी कि ठंड के चलते सात जनवरी को खरहर में प्रस्तवित प्रतियोगिता स्थगित कर दी गई। प्रतियोगिता की अगली तिथि जल्द ही जारी की जाएगी।


**बहादुरगढ़।** पदाधिकारियों के साथ जिले के विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

## लुटेरे तक पहुंचने का प्रयास कर रही पुलिस

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-9 बाईपास पर हुई गाड़ी लूट की वारदात के मामले में पुलिस के हाथ खाली हैं। वारदात को अंजाम देने वाले लुटेरे तक पुलिस अभी पुलिस नहीं पहुंच पाई है। मौके से बरामद हुए मोबाइल के जरिए पुलिस से आरोपी तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। जल्द से जल्द इस वारदात को सुलझाने का दावा किया जा रहा है। लूट की यह वारदात गत 30 दिसंबर की रात को बहादुरगढ़ के आर्य नगर के निवासी रोहित के साथ हुई थी। रोहित शनिवार की रात को अपनी गाड़ी में सवार होकर सेक्टर-9 बाईपास से गुजर रहा था। जब एक रोड़ी क्रशर स्टॉक के निकट पहुंचा तो इशारा देकर एक युवक ने उसको रुकवा लिया। वह युवक कहने लगा कि तू मेरे भाई को टक्कर मार कर आया है। इस बात पर दोनों में अनबन हुई और आरोपी शख्स ने गाड़ी की चाबी निकाल ली। फिर उस पर चाकू तान दिया। इस तरह से चाकू के बल पर वह गाड़ी लेकर भाग गया। इस वारदात के दौरान हाथापाई में आरोपी युवक का मोबाइल वहीं गिर गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में तफ्तीश शुरू की। आरोपी का मोबाइल कब्जे में लिया। उस मोबाइल के जरिए पुलिस आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है, लेकिन तीन दिन भी जाने के बाद भी आरोपी का कुछ सुराग नहीं लग सका है। चौकी प्रभारी अंकित कुमार का कहना है कि मामले में गंभीरता से जांच चल रही है। जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर इस मामले को सुलझाने का प्रयास है।


**बहादुरगढ़।** सम्मान समारोह में बुजुर्गों के साथ राजेश जून। फोटो : हरिभूमि

## लाइनपार में चलाया हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन द्वारा मंगलवार को लाइनपार क्षेत्र में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस दौरान महंगाई पर रोक लगाने, जरूरी चीजों का संपूर्ण राज्य व्यापार लागू करने, सार्वजनिक राशन प्रणाली के माध्यम से सभी खाद्य सामग्री पर्याप्त मात्रा में सस्ती दरों पर उपलब्ध कराने, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को वापस लेने, शिक्षा के निजीकरण, व्यवसायीकरण और भगवाकरण पर रोक लगाने की मांग की गई।

संगठन के नेता रामकिशन ने कहा कि आजादी के 76 साल बाद भी शोषण मुक्त समाज बनाने का सपना अधूरा है। सभी को पक्की नौकरी देने, नौकरी देने तक बेरोजगारी भत्ता देने, मुफ्त इलाज का प्रबंध करने, स्वास्थ्य क्षेत्र के निजीकरण पर रोक लगाने, जन विरोधी बिजली बिल-2022 रद्द करने, प्रीपेड मीटर स्कीम वापस लेने, वनों की कटाई रोक कर पर्यावरण की रक्षा करने, ग्लोबल वार्मिंग को नियंत्रित करने, जनवादी और नागरिक अधिकारों की रक्षा करने, सभी काले कानून रद्द करने, महिलाओं तथा दलितों पर अत्याचार रोकने, बुढ़ापा पेंशन 10 हजार रुपए महीना करने की मांग उन्होंने दोहराई। उनके अनुसार महंगाई व बेरोजगारी आम आदमी के जीवन को तबाह कर रही हैं। इसीलिए ज्वलंत समस्याओं और न्यायोचित मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन पर देशव्यापी हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है।



**बहादुरगढ़।** लाइनपार में हस्ताक्षर अभियान चलाते संगठन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

## दूसरे दिन 3410 लोगों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश जून द्वारा दिल्ली रोहतक रोड पर स्थित उनके कार्यालय में सोमवार को शुरू हुए मकर संक्रांति सम्मान समारोह के दूसरे दिन मंगलवार को 3410 लोगों को सम्मानित किया गया। यह समारोह 20 जनवरी तक चलेगा। युवा कांग्रेस के हलकाध्यक्ष सचिन राजेश जून ने भी बुजुर्गों को सम्मानित करते हुए आशीर्वाद लिया।

आरजे अस्पताल के चेयरमैन राजेश जून ने बताया कि मकर संक्रांति का पावन पर्व सनातन धर्म के साथ जोड़ता है। वे सदैव ही मानवता की सेवा को प्राथमिकता देते हैं। इसीलिए नर की सेवा को नारायण की सेवा समझते हुए क्षेत्र के नागरिकों को सम्मानित कर रहे हैं। मकर संक्रांति सम्मान समारोह के दौरान करीब 50 हजार लोगों को सम्मानित करने का लक्ष्य रखा गया है।

पुरुषों को लोई व महिलाओं को शाल भेंट कर मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज और परिवार की अनमोल धरोहर होते हैं। आज इनका अभिनंदन करते हुए हमें गौरव की अनुभूति हो रही है।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## ताले तोड़कर स्कूल से कंप्यूटर, प्रिंटर चोरी

**बहादुरगढ़।** इलाके में चोरी के मामले नहीं थम रहे। ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी स्कूल चोरों के निशाने पर हैं। अब गांव बामड़ोली स्थित लड़कियों के सरकारी स्कूल में वारदात हो गई। यहां से चोर कई कंप्यूटर सेट और प्रिंटर आदि सामान पर हाथ साफ कर गए। पुलिस को शिकायत दे दी गई है। लाइनपार थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इन दिनों शीतकालीन अवकाश के चलते स्कूल बंद हैं। इसी के चलते अज्ञात चोरों ने बामड़ोली के स्कूल को निशाना बनाया। एक जनवरी की सुबह स्कूल स्टाफ को मामले की जानकारी मिली। इस पर डीडीओ मालती सहित अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे। देखा तो हेडमास्टर रूम और कंप्यूटर लैब के ताले टूटे हुए थे। सारा सामान अस्त-व्यस्त था। जांच करने पर हेडमास्टर रूम से प्रिंटर गायब मिला। जबकि कंप्यूटर लैब में दस एलईडी, दस माउस और दस की-बोर्ड सहित अन्य सामान नहीं मिला। सूचना मिलते ही लाइनपार थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। डीडीओ की शिकायत पर लाइनपार थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द से जल्द मामले को सुलझाने का प्रयास रहेगा। बता दें कि अधिकांश सरकारी स्कूलों में रात के वक्त चौकीदार की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में सरकारी स्कूल चोरों के निशाने पर रहते हैं। बहादुरगढ़ इलाके के काफी स्कूलों में चोरी की वारदात हो चुकी हैं। एक बार सामान चोरी हो जाता है तो दोबार उसकी व्यवस्था करने में भी मशक्कत उठानी पड़ती है।

## कलाकारों की प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

काव्य शोध संस्थान द्वारा निलोठी मोड़ पर भव्य काव्योत्सव का आयोजन किया गया। भोपाल के वरिष्ठ कलमकार कैलाश आदमी के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जाने माने गीतकार डॉ. जय सिंह आर्य ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में कवि कृष्ण गोपाल विद्यार्थी व बृजेश गर्ग उपस्थित रहे। मंच संचालन गुरुग्राम के वरिष्ठ गजलकार आशुकवि राजेंद्र निगम राज ने किया।

कवयित्री इंदू राज निगम की सरस्वती वंदना से कार्यक्रम शुरू हुआ। बांसुरीवादक कवि राजबीर देवसर ने दोहरी भूमिका से प्रभावित किया। सुरेश खाण्डवेकर ने वाद्ययंत्रों के बिना ही अपनी संगीतमय प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध किया। डॉ. सीमा वत्स व सीमा रंगा इंदिरा ने अपने श्रंगारिक व पारिवारिक पृष्ठभूमि पर आधारित मुक्तकों से तालियां बटोरी। विनोद पाराशर व ओमप्रकाश कल्याणे ने अपनी धारदार व्यंग्य रचनाओं से काव्योत्सव को यादगार बना दिया। लता कल्याणे और निगम दम्पति ने भी प्रभावित किया। रमाशंकर व हरेंद्र यादव फकीर की गजलें भी खूब सराही गईं। नवोदित किशोर कवि अंश ने ओजपूर्ण प्रस्तुति दी। प्रबल प्रताप राणा, अखिलेश अकेला, नाहर सिंह दहिया व मनोज गुप्ता आदि ने भी प्रभावित किया। मनोज मिश्रा कप्तान के बाद कैलाश आदमी, कृष्ण गोपाल विद्यार्थी व डॉ. जय सिंह आर्य की रचनाओं के साथ काव्योत्सव का समापन हुआ।


**बहादुरगढ़।** कृष्ण गोपाल विद्यार्थी को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि